हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 30.2 डिग्री

4
रायगढ़ और धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की चहलकदमी से बढ़ी परेशानी



## खबर संक्षेप



### कीट नाशक पीने से महिला की मौत

**जशपुरनगर।** जहर सेवन करने से चिड़रापारा की महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। सूत्रों की माने तो महिला शराब सेवन की आदि थी। बताया जा रहा है,कि पिछले तीन दिनों से खाना नहीं खाई थी। महिला के शव को पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले के सभी औद्योगिक इकाईयों को मतदान दिवस 7 मई को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऐसे श्रमिक सीमावर्ती राज्य के मतदाता हैं वे भी सवैतनिक अवकाश के लिए पात्र होंगे और अपने गृह राज्य में जाकर मतदान कर सकेंगे। जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मतों का सद्उपयोग कर सुदृढ़ एवं मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाऐंगे।

### अस्पताल परिसर पार्किंग से चोरों ने पार किया दो बाइक

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं गंगापुर निजी अस्पताल परिसर के पार्किंग में खड़े दो बाइक को चोरों ने पार कर दिया रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम रजपुरीकला निवासी सुदर्शन प्रसाद प्रजापति आ. स्व. राम विशाल प्रजापति (31 वर्ष) सोमवार को सोमवार को गंगापुर स्थित निजी अस्पताल में आया था। युवक बाइक क्रमांक सीजी 12 एपी 5092 को खड़ी कर वार्ड में चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। दूसरी घटना में बैकुंठपुर मंडलपारा निवासी राम लखन आ. फूलचंद चेरवा ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रविवार को ससुर का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में निधन हो जाने पर भाई रामदेव बाइक क्रमांक सीजी 16 सीए 9109 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा और 10 रूपए का पर्ची कटवा कर बाइक को पार्किंग में खड़ा कर ससुर को देखने चला गया। दोपहर में बाहर आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** बतौली बैंक के समीप कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 15 ईबी 4846 सवार प्रकाश एक्का एवं अनिकेश को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनो घायल गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां अनिकेश की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया गया जबकि प्रकाश का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### मतदान के 48 घंटे पूर्व मदिरा दुकानें होगी सील बंद

**बलरामपुर।** लोकसभा निर्वाचन के तहत तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग रायपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रिमिजियुस एक्का ने आबकारी अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिले में संचालित समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 5 से 7 मई तक बंद रखने एवं उक्त अवधि शुष्क दिवस घोषित किया है।

## लोकसभा निर्वाचन कार्य में लापरवाही
# विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने अधीनस्थ कार्यालय और स्कूलों में पदस्थ 123 कर्मचारियों का पीपीईएस सॉफ्टवेयर डाटा एन्ट्री का कार्य नहीं कराई जाने के से लोकसभा निर्वाचन जैसे

■ 123 कर्मचारियों का पीपीईएस सॉफ्टवेयर डाटा एन्ट्री का कार्य नहीं कराया गया था

महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता के कारण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धनी राम भगत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सूचारू रूप से संचालन किये जाने हेतु श्री धनी राम भगत, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव को अपने कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के समस्त कर्मचारियों पीपीईएस सॉफ्टवेयर में डाटा एन्ट्री कराये जाने का कार्य सौंपा गया था। किन्तु इनके द्वारा अपने कार्यालय के कर्मचारी जैसे श्री उदे राम राठिया, भृत्य का पीपीईएस



सॉफ्टवेयर में डाटा एन्ट्री नहीं कराया जाकर डाटा फाईनलॉइज कर दिया गया। इसी क्रम में इनके अधीनस्थ कार्यालय-स्कूलों में पदस्थ 123 कर्मचारियों का डाटा एन्ट्री का कार्य नहीं कराया गया है। न ही इनके द्वारा संवीक्षा की गई। जिससे निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावीत हुआ है। जिस संबंध में श्री भगत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब श्री भगत द्वारा 12 अप्रैल 2024 को प्रस्तुत किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से बताया गया कि 12 अप्रैल 2024 को लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से सेवा निवृत्त-मृत्यु हितलाभ का भुगतान देयक विवरण अवलोकन उपरान्त वापस आते समय कार दुर्घटना होने के कारण स्वंय एवं कार्यालय के 03 अन्य लिपिक कर्मचारी गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिस कारण पीपीईएस सॉफ्टवेयर में डाटा एन्ट्री हेतु शेष 123 कर्मचारियों संवीक्षा नहीं किया जा सका स्वीकार किया जाकर क्षमा

याचना किया गया है। प्रस्तुत जवाब परिशिलन किया गया माधानकारक नहीं पाया गया। श्री धनी राम भगत, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव का उक्त कृत्य से ऐसा परिलक्षित होता है कि इनके द्वारा पदीय कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं किया गया है। जो कि उदासीनता एवं लापरवाही का द्योतक है तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 03 के विपरीत है। लोक प्रतिनिधित्व नियम, 1951 के धारा 28ए के तहत किसी निर्वाचन के संचालन के लिए रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, और इस भाग के अधीन नियुक्त कोई अन्य अधिकारी, और किसी राज्य सरकार द्वारा तत्समय पदाभिहित कोई पुलिस अधिकारी, उस अवधि के लिए, जो ऐसे आदर्श आचार संहिता (अधिसूचना) की तारिख से ऐसे अधिकारी कर्मचारी उस अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग के अधीन है। अतः जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन हैं। श्री भगत का लोकसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता गम्भीर कदाचरण एवं अनियमितता के श्रेणी में आता है । अतः तत्काल कठोर कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव, श्री धनी राम भगत को लोक प्रतिनिधित्व नियम, 1951 के धारा 28ए तथा छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर नियत किया गया है तथा निलम्बन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पत्रता होगी।

# कांटाबेल डड़गांव के जंगल में लगातार लग रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय से लगे मनोरा वन परिक्षेत्र में आने वाले कांटाबेल और डड़गांव से लगे जंगल धुधू करके जल रहा है। बसंत के मौसम में जंगल की सारी पत्तियां गिरकर सुख जाती है। किसी भी एक जगह आग लगने पर कई किलोमीटर के क्षेत्र में आग फैल जाती है। जिसे बुझाना आसान नहीं होता।

सवाल ये है की आग लगती ही क्यों है। वन विभाग का मानना है की आग लगने के कई कारण हो सकते है। कभी कभी आग खुद ब खुद लग जाती है लेकिन अधिकतर समय आसामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी जाती है। आम तौर पर दिन में आग का पता नही चलाता है जब रात होती है तभी जानकारी में आता है। रात में आग पर काबू पाना या आग बुझाना बहुत ही कठिन काम होता है। रात में लगी आग दूर से ही दिखाई देती है। जंगल में लगी आग को वन विभाग लगातार बुझाने की कोशिश में लगा हुआ है।

***क्यों लगाती है जंगल में आग :*** यूं तो गर्मियों में जंगलों में आग लगना आम बात है कहा जाता है की बांस की रगड़ से जंगलों में आग लगाती है। जो धीरे धीरे विकराल रूप पकड़ लेती है। लेकिन हमेशा प्राकृतिक रूप से आग नही लगती आसपास रहने वाले ग्रामवासी वनोपज बिनने के लिए जंगलों में आग लगा देते है अभी महुआ के फूल और सरई के बीज का समय है। ग्रामीणों का ऐसा भी मानना है की आग लगाने के बाद जंगली पुटु और खुखड़ी बहुतायत में पैदा होता है। कुछ मामलों में आसामाजिक तत्व भी आग लगा देते है।



धधक रही जंगल में लगी आग।

### जंगल में आग लगाने के क्या है नुकसान

जंगलों में लगे आग के कई तरह के नुकसान होते है। जंगलों में आग लगाने से जंगली जानवर, कीट मकोड़े, पंक्छियों जो जल कर झुलसने का खतरा होता है। जिससे उनकी मौत भी हो जाती है। जंगल के पेड़ पौधे जल कर राख हो जाते है। खासतौर पर वो पौधे जो पिछले बरसात में पनपे है वो पूरी तरह से नष्ट हो जाते है जो की भविष्य में जंगल का रूप लेते। जंगल में आग लगाने के कारण वनों का क्षेत्र तेजी से काम हो रहा है जिससे तापमान में भरी उछाल देखने को मिल रहा है।

# स्वरित बना इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स अचीवर

**सुंदरगढ़ ( ओडिशा )** । सुंदरगढ़ की मिट्टी ने फिर एक अनूठा गौरव अर्जित किया है, जब यहां के एक छात्र, स्वरित उपाध्याय, ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश में अपना नाम रोशन किया। स्वरित, जो सुंदरगढ़ के रिवरस्टोन इंटरनेशनल स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र हैं, ने भारतीय

■ सुंदरगढ़ के गौरवशाली बेटे स्वरित उपाध्याय ने अपनी उपलब्धि से किया गर्वित

क्विज़ प्रतियोगिताओं में अपने अद्वितीय उपलब्धियों से धारा बदल दी है।

स्वरित उपाध्याय, सुंदरगढ़ स्थित रिवरस्टोन इंटरनेशनल स्कूल का आठवीं कक्षा का छात्र, ने इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में अपना नाम लिख दिया है। उनकी अद्वितीय उपलब्धि न केवल उनकी असाधारण बुद्धिमत्ता का परिचायक है बल्कि उनके परिश्रम और उत्कृष्टता के प्रति अटूट समर्पण का भी प्रतीक है। अनेक राज्य और राष्ट्रीय स्तर के क्विज़ प्रतियोगिताओं में विजयों की एक श्रृंगार होने के साथ-साथ, स्वरित अपने स्कूल, रिवरस्टोन इंटरनेशनल स्कूल, और सुंदरगढ़ जिले के लिए गर्व का प्रतीक बन गए हैं। उनकी हाल की उपलब्धि इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में उनकी प्रतिष्ठित जगह के रूप में सामने आई है, जो उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और 27 प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन का प्रमाण है।

पिछले चार वर्षों में, स्वरित ने अधिकतम महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त की है, जिससे सुंदरगढ़ को उनकी उपलब्धियों के माध्यम से प्रशंसा मिली है। उनकी प्रमुख जीतों में, ओडिशा सरकार के वन, पर्यावरण, और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तर के क्विज़ प्रतियोगिताएं, नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क द्वारा वन्यजीव के बारे में राज्य स्तर की क्विज़ प्रतियोगिता, और पर्यटन और भारतीय उत्सव पर राष्ट्रीय स्तर की क्विज़ प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

सुंदरगढ़ जिल्ला लेफ्रीपड़ा ब्लॉक के अंतर्गत झुरीमाल गांव से आने वाले ⏭ शेष पेज 4 पर




अपने मम्मी-पापा और दादी के साथ स्वरित ।

### महुआ चुराने से मना करने पर वृद्धा से मारपीट

**अंबिकापुर।** घर के अंदर सूख रहे महुआ को चुराने से मना करने पर वृद्धा से मारपीट के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है। बलरामपुर जिले शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जगीमा निवासी करियो बाई पहाड़ी कोरवा ने अपने घर के अंदर आंगन में महुआ सूखने के लिए रखा था। इस दौरान गांव का फूलसाय घर में जबरन घुस आया और महुआ को उठाकर अपने साथ ले जा रहा था। जब वृद्धा ने महुआ चुराने से मना किया तो फूलसाय ने उसपर हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने के लिए आई वृद्धा की बहु पर भी उसने हमला कर दिया। इस घटना में वृद्धा को गंभीर चोट आई है। जब वृद्धा का पुत्र रामेश्वर राम मजदूरी करके घर लौटा तो महिला ने घटना की जानकारी दी। रामेश्वर राम द्वारा मारपीट की शिकायत पुलिस से की गई जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# 21 मवेशियों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

जिले में मवेशी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस टीम ने पुनः 21 रास मवेशियों को बरामद करने के साथ ही तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उदयपुर थाना अंतर्गत केदमा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन संदिग्ध व्यक्ति कोसा बाड़ी जंगल किनारे 21 रास मवेशियों को लेकर झारखंड के बूचड़खाना जा रहे है।

सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने सूरजपुर श्रीनगर के रामानुजनगर अक्षयपुर निवासी 28 वर्षीय सीता राम, रामानुजनगर परशुरामपुर पोड़ी निवासी 50 वर्षीय अमान खान व उदयपुर मोहनपुर निवासी रामचरण को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से 21 रास मवेशियों को जब्त किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने मवेशियों को हांककर झारखंड के बूचड़खाना ले जाने की स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(1)(अ), छत्तीसगढ़ क़ृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6,10 के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी सउनि एसएल राज, प्रधान आरक्षक घनश्याम यादव, आरक्षक कृष्ण कुमार सिंह, गजाधर राम, जोधन पैकरा शामिल रहे।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# पत्थलगांव सहित अन्य क्षेत्रों में निकाली गई जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जश प्रण मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत पत्थलगांव के नगर पंचायत, ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय सहित अन्य निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पत्थलगांव शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली के जरिये सभी मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने बैनर, पोस्टर और स्लोगन के साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही इस दौरान ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव में मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण भी कराया गया। इसी प्रकार कुनकुरी के कुड्केला और जोकारी में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ ही सभी को लोकसभा निर्वाचन 2024 में 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इसी तरह स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अन्य स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधि जारी है। जिसके जरिए सभी को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल महिलाएं।

# होटल में लगी आग, दमकल कर्मियों ने सूझबूझ से आग पर पाया काबू

**सूरजपुर।** आज तड़के उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एनएच 43 स्थित एक होटल में आग लग गई। होटल में आग लगने की सूचना पर दमकल कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और सूझबूझ से आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी समय पर नहीं मिलती तो होटल के आसपास कई और दुकान आग की चपेट में आ सकते थे। आज तड़के पुलिस कंट्रोल रूप में सूचना मिली कि नगर के एनएच 43 स्थित लोकेश शिवहरे के होटल वन बाइट में आग लग गई है। सूचना पर जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर टीम तत्काल आगजनी घटना स्थल के लिए रवाना हुई। जहां होटल में आग लगी थी जबकि उसके आसपास में लगातार दुकान और वाहन शो रूम थी। टीम ने सूझबूझ से तत्काल आग पर काबू पाया। घटना स्थल पर किसी भी प्रकार का हताहत नहीं हुआ। वहीं आग लगने का कारण का पता नहीं चल सका। वन बाइट होटल के कर्मचारी ने बताया की होटल में आगजनी की घटना से लगभग एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।




## बिलासपुर संभाग कलस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल ने की चुनाव तैयारी की समीक्षा
# बगीचा की बैठक में प्रचार अभियान की ली जानकारी,दिये आवश्यक निर्देश

**जशपुरनगर।** बुधवार को पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के बिलासपुर संभाग कलस्टर के प्रभारी अमर अग्रवाल जशपुर पहुंचे। यहां,उन्होनें बगीचा के यादव भवन में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी के तीनो विधानसभाओं की कोर कमेटियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। अमर अग्रवाल,अंबिकापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा में शामिल हो कर,वापस बिलासपुर लौटने के क्रम में जशपुर पहुंचे थे। इस बैठक में बिलासपुर संभाग कलस्टर के सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय,लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज,पत्थलगांव की विधायक गोमती साय, लोकसभा सह संयोजक विजय अग्रवाल, जशपुर की विधायक रायमुनि भगत,पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंह जूदेव भी शामिल थे। समीक्षा बैठक में कलस्टर प्रभारी ने जिले की तीनों विधानसभा सीट जशपुर,कुनकुरी और पत्थलगांव में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही गतिविधियों की पदाधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान होने मतदाताओं तक पहुंचने के लिए पार्टी द्वारा निर्धारित कार्ययोजना चाय पर चर्चा,महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का अभिनंदन,मतदाता पर्ची वितरण के आयोजन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होनें जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को जिन मंडलों में इस कार्य योजना का क्रियान्वयन नहीं हो पाया है,वहां,नए सिरे से तिथि निर्धारित कर,कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक को लोकसभा के सह संयोजक विजय अग्रवाल,लोक सभा प्रभारी प्रबोध मिंज ने भी संबोधित किया। कलस्टर सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने अमर अग्रवाल को बताया कि जशपुर के तीनो विधानसभाओं में कार्यकर्ता,पूरे समर्पण से प्रचार में जुटे हुए है। झंडा बैनर लगाने के साथ नुक्कड़ सभा,चाय पर चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर से इसकी मानिटरिंग के साथ आवश्यक सहायता भी ⏭ शेष पेज 4 पर




बैठक को संबोधित करते कलस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल।

# 28 अप्रैल से निःशुल्क जेईई एडवांस का क्रैश कोर्स

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में खनिज निधि न्यास से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में 28 अप्रैल से निःशुल्क जेईई एडवांस हेतु क्रैश कोर्स का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें जिले के स्थानीय निवासी विद्यार्थियों को निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आगामी जेईई एडवांस की परीक्षा 26 मई को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा ली जाएगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस क्रैश कोर्स के लिए सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को इस संबंध में सूचना दे दी गई है। जिले के अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों जिन्होंने जेईई मेन 2023-24 की परीक्षा क्वालीफाई की है और जो जेईई एडवांस की परीक्षा हेतु पात्र है, ऐसे विद्यार्थियों को यह क्रैश कोर्स कराया जाएगा।




इन विद्यार्थियों को 28 अप्रैल को प्रातः 10 बजे संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में अपनी उपस्थिति देनी होगी, साथ ही उन्हें जेईई एडवांस के भरे गए आवेदन के कन्फर्मेशन पेज की एक फोटोकॉपी भी साथ लानी होगी। संकल्प जशपुर में कई वर्षों से जेईई मेन व एडवांस की तैयारी कराई जा रही है। प्रत्येक वर्ष दर्जनों विद्यार्थी जेईई की परीक्षा क्वालीफाई करते हैं, और देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों मे प्रवेश पाकर अपना भविष्य बना रहे हैं। अभी तक अकेले संकल्प के 75 से अधिक विद्यार्थी देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पा चुके हैं संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर द्वारा समस्त विद्यार्थियों को ऑनलाइन टेस्ट की भी सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। सभी विद्यार्थियों को जेईई एडवांस स्तर का टेस्ट लेकर अभ्यास कराया जाएगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बॉफ्टा 2025 की तैयारियां शुरू फैंस को सालभर रहेगा इंतजार



दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स यानी बाफ्टा के आगामी कार्यक्रम के आयोजन की तारीख की घोषणा कर दी गई है। 2024 में ओपेनहाइमर, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए थे। अलग-अलग देशों में हर साल कई पुरस्कार समारोहों का आयोजन किया जाता है। ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स यानी बाफ्टा भी इन्हीं प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है। साल 2024 में यह समारोह लंदन में आयोजित हुआ था। वहीं, अब इसके अगले वर्ष के कार्यक्रम की तारीख का एलान कर दिया गया है। बाफ्टा ने पुष्टि की है कि 2025 का पुरस्कार समारोह रविवार 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस तारीख से यह साफ हो गया है कि समारोह ऑस्कर से दो सप्ताह पहले होगा। अगले साल अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) दो मार्च को दिए जाएंगे। इस बार भी बर्लिन फिल्म महोत्सव (13-23 फरवरी) के बीच में ही बाफ्टा पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फिलहाल, इस कार्यक्रम को आयोजित करने वाले संगठन की ओर से समारोह के स्थान को लेकर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। 2024 में कार्यक्रम को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित किया गया था। 2024 का बाफ्टा पुरस्कार ऑस्कर से तीन सप्ताह पहले आयोजित किया गया था। इसमें, ओपेनहाइमर, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए थे। बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम को लोगों ने देखा था। 2020 के बाद इस कार्यक्रम को सबसे अधिक व्यूअरशिप मिली थी। बीबीसी वन पर पुरस्कारों को राष्ट्रीय स्तर पर औसतन तीस लाख लोगों ने देखा था। बाफ्टा 2025 फिल्म पुरस्कारों के लिए पूर्ण समयरेखा और पात्रता का विवरण आने वाले महीनों में जारी किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### टॉलीवुड

## 'कल्कि 2898 एडी' में अपराजेय अश्वत्थामा बन छाने आ रहे अमिताभ



नाग अश्विन की महाकाव्य विज्ञान-फाई डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस के बीच उत्साह बढ़ रहा है। अब फिल्म से अमिताभ बच्चन के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। नाग अश्विन की महाकाव्य विज्ञान-फाई डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस के बीच उत्साह बढ़ रहा है। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। अब, फिल्म के निर्माताओं ने अमिताभ बच्चन के किरदार का पहला लुक जारी कर दिया है, जो इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्म की रिलीज की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 21 सेकेंड के टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन से होती है, जो मिट्टी के कपड़े पहने हुए हैं, एक गुफा में बैठे हैं और एक शिव लिंग की पूजा कर रहे हैं। बैकग्राउंड में, शांत संगीत के बीच, एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है जो उससे पूछ रहा है, 'क्या आप मर नहीं सकते? क्या आप दिव्य हैं? आप कौन हैं?' जैसे ही तनाव बढ़ता है, बच्चन की गहरी आवाज जोर देकर कहती है, 'प्राचीन काल से, मैं अवतार के आगमन की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं गुरु द्रोण का पुत्र अश्वत्थामा हूं।' पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच रविवार शाम के आईपीएल 2024 मैच की शुरुआत से पहले स्टार स्पोर्ट्स पर पहली झलक का अनावरण किया गया था। इससे पहले दिन में, निर्माताओं ने फर्स्ट लुक अनावरण कार्यक्रम के बारे में एक घोषणा पोस्टर भी जारी किया था। पोस्टर में बिग बी को पूरी तरह से कपड़े से ढके हुए और मास्क पहने हुए एक मंदिर जैसी संरचना के अंदर बैठे हुए दिखाया गया था। कुछ महीने पहले, अश्विन ने महाकाव्य विज्ञान-कल्पना फिल्म के बारे में कुछ दिलचस्प खुलासे किए थे। जिसमें वादा किया गया था कि 'कल्कि 2898 एडी' एक असाधारण दृश्य तमाशा होगा। हाल ही में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अश्विन ने कहा, 'मैं बस यही चाहता हूं कि इस फिल्म को बनाने में हमारी मदद करने के लिए और अधिक तकनीक होती।

### छॉलीवुड

## 'कुख्यात' से इश्क लड़ाएंगी एक्टर और मॉडल तनु



तनु प्रधान कम समय में लगातार 13 फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी है। उन्होंने 2019 में देवराज महंत के निर्देशन में बनी 'प्रेम मिलन' फिल्म से इस इंडस्ट्री में अपना कदम रखा। उसके बाद स्व. डायरेक्टर एजाज वारसी द्वारा निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'दहाड' के अलावा 'दिल है तोर दिवाना', 'रंग रंगीले', 'संगी जनम जनम' और 'लूप लपाटा लाटा फांदा' सहित अन्य कई फिल्मों के साथ ही हिन्दी फिल्म 'एक जिंदगी तेरे नाम', 'चाहतें' और 'दिल से रूह तक' में काम कर चुकी है। छॉलीवुड के डायरेक्टर नीरज श्रीवास्तव के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढी फिल्म 'कलकी', अभिषेक सिंह के निर्देशन में बनने वाली हिन्दी फिल्म 'श्री रामायण कथा' व 'सिया के राम' के साथ ही छॉलीवुड डायरेक्टर रमाकांत सोनी की फिल्म 'दिल देके देखो में' भी मुख्य भूमिका करने जा रही है। इन फिल्मों की शूटिंग भी शीघ्र ही शुरू होने जा रही है।

## वॉन गॉग का फैशन

दुनिया भर में अपनी पेंटिंग के चलते कालजयी हो चुके प्रख्यात पेंटर विंसेंट वॉन गो की कला अब फैशन डिजाइनरों को भी खूब भा रही है। पिछले दिनों डच फैशन हाउस विक्टर एंड रॉल्फ के स्प्रिंग समर कलेक्शन में विक्टर और रॉल्फ ने वॉन की पेंटिंग को आधार बना कर अपना कलेक्शन पेश किया। हाउते-कॉउचर संग्रह में विशाल 3 डी फूलों और स्ट्रॉ टोपी के साथ उतरे मॉडल को दर्शकों ने खूब पसंद किया।



लाइफ स्टाइल

## समर सीजन में अपनाएं ग्रे कलर आउटफिट्स, खूब जमेगा रंग




समर में अक्सर हम ढीले-ढाले और पतले कपड़े से बने आउटफिट्स को स्टाइल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमें पसीना कम आता है साथ ही यह पहनने में भी कम्फर्टेबल रहते हैं। लेकिन इन्हें खरीदते समय जरूरी है कि आप आउटफिट के सही कलर को चूज करें, ताकि इन्हें पहनने के बाद आप कम्फ़र्टबल फील करें। ऐसे में आप ग्रे कलर के आउटफिट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको डिजाइन और शेड दोनों मिल जाएंगे।

### टाई टी-शर्ट ड्रेस




अगर आप बाहर किसी पार्टी में या आउटटिंग के लिए जा रही हैं तो इसके लिए आप टाई टी-शर्ट ड्रेस को वियर कर सकती हैं। ग्रे कलर लाइट कलर के साथ-साथ कूल कलर भी होता है। इसलिए समर सीजन में सबसे ज्यादा पहना जाता है। आप इसके साथ चाहें तो ज्वेलरी और कुछ ट्रेंड एक्सेसरीज को एड कर सकती हैं, जिससे आउटफिट अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको टी-शर्ट वाले कपड़े में भी मिल जाएगी। साथ ही आप चाहें तो इसे जॉर्जेट फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके लिए आपको बाजार में 250 से 500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

### जंपसूट करें वियर

आप समर सीजन में जंपसूट को भी वियर कर सकती हैं। इसमें आपको प्लेन और प्रिंटेड जंपसूट के डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे आप पार्टी या नॉर्मल डे में भी पहन सकती हैं। ग्रे कलर अच्छा लगता है। इसलिए आप चाहें तो इसके साथ लाइट ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह के जंपसूट 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

ग्रे कलर में आप बॉडीकॉन ड्रेस को भी वियर कर सकती हैं। इसमें भी लुक अच्छा लगता है। साथ ही पार्टी में पहनने के लिए बेस्ट होती है।

## नाइट क्रीम में घी का करें इस्तेमाल, स्किन से जुड़ी समस्याएं होंगी कम



स्किन की केयर करने के महिलाएं कई सारे उपाय करती है साथ ही कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। इन चीजों का इस्तेमाल करने के बाद भी कई बार रिजल्ट आपकी इच्छा अनुसार नही आता है और स्किन से जुड़ी समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती हैं। जहां दिन भर में स्किन की केयर करने के लिए महिलाएं कई सारे उपाय और प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं तो वहीं रात के समय स्किन की केयर करने में मामले में महिलाएं केयरलेस हो जाती हैं लेकिन स्किन की केयर रात में भी जरुरी हैं।

### स्किन के लिए फायदेमंद है घी

घी में कई सारे गुण पाए जाते हैं और ये सभी गुण सहते के साथ-साथ बालों और स्किन के लिए फायदेमंद हैं। घी में एंटीमाइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं और ये गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं। वहीं घी में फैटी एसिड्स होते हैं जो स्किन के लिए फायदेमंद है साथ ही घी में पाए जाने वाले कई सारे और गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैंइसे भी पढ़ें :घर पर ही इन तीन तरीकों से बनाएं एंटी-फ्रिज हेयर सीरम

### नाइट क्रीम में करें घी का इस्तेमाल

रात के समय चेहरे पर घी लगाने से ड्राई स्किन से छुटकारा मिलता है और चेहरे के दाग धब्बे भी कम हो जाते हैं। वहीं रात के समय घी का इस्तेमाल करने से चेहरे की स्किन मुलायम और चमकदार भी होती हैं। वहीं स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए आप घी का इस्तेमाल किया जा सकता है साथ ही रात के समय घी लगाने से चेहरे की त्वचा ग्लो भी करेगी। रात के समय चेहरे पर स्किन लगाने से चेहरे पर रूखापन कम होता है साथ ही चेहरे से जुड़ी कई सारे समस्या भी कम होती है। घी का रात का समय इस्तेमाल करने से झुर्रियों से निजात पाया जा सकता है और आपकी त्वचा जवा नजर आएंगी। वहीं घी कटे-फटे होठों को ठीक करने में भी मदद करता है। घी को लिप बाम की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं अगर रात के समय में होंठों पर घी का इस्तेमाल करने से होंठ मुलायम भी होते हैं।

## स्टाइल करें स्मार्ट फुटवियर, इस मौसम में हमेशा रहेंगी कम्फर्टेबल

हम जब भी कहीं जानें के लिए तैयार होते हैं तो सबसे पहले अपने लिए कपड़ों को सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगता है। साथ ही हम चल रहे ट्रेंड को फॉलो कर पाते हैं। इसके बाद फिर हम मेकअप से अपने लुक को खूबसूरत बनाते हैं। लेकिन कुछ तभी पूरा होता है जब आप पैरों में सही तरीके के फुटवियर को स्टाइल करते हैं। जिन्हें पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहें। इंडियन आउटफिट के साथ पहनने वाले आउटफिट के बारे में हम आपको बताते हैं।



### शरारा के साथ पहनें स्ट्रैपी हील्स

शरारा आजकल काफी ट्रेंड में है इसलिए लड़कियां इसे शादी और नॉर्मल फंक्शन में पहनना भी पसंद करती हैं। लेकिन अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज हो जाती हैं कि किस तरह की फुटवियर को सूट के साथ स्टाइल करें। आप इसके साथ स्ट्रैपी हील्स को वियर करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनने से आपकी हाइट लंबी लगेगी। साथ ही आपका शरारा नीचे से गंदा भी नहीं होगा।

### चूड़ीदार सूट के साथ पहनें क्लोज टो सैंडल

चूड़ीदार सूट भी कई सारी लड़कियां पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी ऐसे सूट पहनना पसंद है तो इसके साथ आप क्लोज टो वाले सैंडेल को वियर कर सकती हैं। इससे आपको मिलेगा एक बेलेंस लुक। इसमें आप ओपन टो वाली सैंडल भी ले सकती हैं और क्लोज वाली भी।

इससे आपके पैरों में एयर भी जाती रहेगी तो गर्मी में इसे पहनने में कोई दिक्कत भी नहीं होगी।

## मैट लिपस्टिक करती है होंठों को ड्राई? जानें सच्चाई

हैवी मेकअप चाहे हम रोजाना न करें, लेकिन लिपस्टिक को लगभग हम सभी रोजाना होंठों पर लगाते ही हैं। आमतौर पर इसके कलर को चुनने के लिए हम स्किन टोन को ध्यान में रखते हैं। वहीं इनमें आपको कई तरह के टेक्सचर भी देखने को मिल जाएंगे। टेक्सचर के अलावा एक मिथ यह भी मन में आता है कि क्या लिपस्टिक आपके होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाती है या यह केवल एक मिथ है? तो आइये जानते हैं इस कि मैट लिपस्टिक क्या सच में होंठों को ड्राई कर देती हैं-



### कितने तरह की होती है लिपस्टिक?

लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा लिक्विड और क्रेयॉन को इस्तेमाल किया जाता है। इन 2 टेक्सचर के अलग-अलग फायदे और नुकसान भी होते हैं। लिक्विड की बात करें तो इनमें ऑयल की मात्रा कम होती है और यह क्रेयॉन के मुकाबले ज्यादा देर तक होंठों पर टिकी हुई रहती है। वहीं क्रेयॉन लिपस्टिक में कई प्रकार आपको देखने को मिलेंगे, जिनमें साटन मैट और मैट शामिल है। साटन मैट लिपस्टिक में काफी हल्की सी शाइन होती है और मैट में शाइन बिल्कुल भी नहीं होती है।

### किस तरह की लिपस्टिक कर सकती हैं होंठों को ड्राई?

होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाने के लिए केवल लिपस्टिक नहीं, बल्कि लिपस्टिक को बनाते समय इस्तेमाल होने वाले केमिकल भी जिम्मेदार होते हैं। वहीं ज्यादातर मैट क्रेयॉन और और लिक्विड लिपस्टिक में ऑयल की मात्रा कम होती है, जिसके कारण होंठों पर कलर लम्बे समय तक टिका रहता है लेकिन यह होंठों की त्वचा को ड्राई करने का काम भी करता है। अगर आपके होंठ ड्राई हैं तो बिल्कुल मैट लिपस्टिक को लगाना अवॉयड ही करें।

### कार्नर न्यूज

## रंगों और पैटर्न का ध्यान रखते हुए आप रह सकते हैं कूल-कूल

# आज की सोसायटी में 'ड्रेस वेल' रहना है तो जरूर अपनाएं कुछ अनूठे टिप्स

*अपने कपड़ों को लेकर हो सकता है कि आप चूजी कहलाते हों। हो सकता है कि आप महंगे कपड़े भी खूब खरीदते हों। इसके अलावा ये भी हो सकता है कि आप रंगों और पैटर्न का भी ध्यान रखते हों। लेकिन इतनी मेहनत के बाद क्या आपको ड्रेस वेल कभी भी बोला गया है? नहीं न। ऐसा इसलिए क्योंकि आपने ड्रेसिंग के बेहतरीन और जरूरी नियमों को इग्नोर कर दिया है।*



### 'ड्रेस वेल' कैसे कहलाएं ऐसे

बढ़िया ड्रेसिंग गैर डिजाइनर और सस्ते कपड़ों में भी की जा सकती है। लेकिन इसके लिए आपको कुछ टिप्स याद रखने होंगे-


### फिटिंग कैसी है

कपड़े सस्ते से ही हों लेकिन उनकी फिटिंग सही हो तो मानिए कि ये आप पर अच्छे लगेंगे ही। इसलिए सूट जैसे कपड़ों में तो खासतौर पर फिटिंग का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। सूट में तो कंधों की फिटिंग जांचना जरूरी होता है।

### घड़ियों में भी करें निवेश

घड़ी को हाथ के हिसाब से चुनें। ये न ज्यादा बड़ी हो और ना ही छोटी। इसलिए आप घड़ी बस सुंदरता या फिर दूसरों के स्टाइल को कॉपी करके न लें। ये अगर सही से चुनी जाए तो स्टाइल स्टेटमेंट बन जाएगी।

### रंग भी बनें स्टाइल



पुरुष आज भी कपड़े खरीदते हैं तो रंगों से दूर भागते हैं। उन्हें अपने लिए सफ़ेद, काले, भूरे और नीले जैसे रंग ही समझ आते हैं। लेकिन अब रंगों को पुरुषों की स्टाइल से भी जोड़ा जाता है, हो सकता है आप पर टिपिकल पुरुषों वाले रंग सूट ही न करते हों। जबकि हल्का गुलाबी, हल्के पीले जैसे रंग भी अपने स्टाइल में शामिल कीजिए और फिर देखिए आपका स्टाइल कैसे चमक उठता है। आप अपने कलर कॉम्प्लेशन के हिसाब से रंगों पर प्रयोग करें और फिर अपने लिए चुनें भी।

24- APR-Jash-RAGH--CORIYA-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/24/2024 7:57 PM Page 1






# 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

**मुंबई।** जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।'

लाइफ Style


# सारा अली

## 'मेट्रो इन दिनों' थिएटर में धमाल मचाने तैयार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' काफी चर्चा में हैं। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई हैं।

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, "तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। 'मेट्रो इन दिनो' 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।



## हॉलीवुड मसाला



# मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8 इंतजार खत्म

**लॉस एंजिलस।** टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज 'मिशन इम्पॉसिबल 7' और 'मिशन इम्पॉसिबल 8' की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक 'मिशनः इम्पॉसिबल 7', जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले 'मिशनः इम्पॉसिबल 8', जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।





# डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

**लॉस एंजिलस।** मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिम्प्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।




# डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

**मुंबई।** नोरा फतेही फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



# डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

## फिल्मी मसाला

# रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

**मुंबई।** जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर



और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नेवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

### आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'लज्जा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। 'लज्जा' में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

### रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

### अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह 'तुमसे अच्छा कौन है' में नकुल कपूर, 'आवारा पागल दीवाना' में अक्षय कुमार, 'राजा भईया' में गोविंदा और 'पार्टनर' में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

# ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...

*मुंबई। बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*

*__अमिताभ बच्चन__ : शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म 'डॉन' में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह 'विजय' और 'डॉन' के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*



*__अक्षय कुमार__ : अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'अफलातून' और 'खिलाफी 420' में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। 'अफलातून' यूट्यूब पर तो 'खिलाड़ी 420' जी5 पर देखी जा सकती है।*

*__शाहरुख खान__ : शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। 'डुप्लीकेट' उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने 'डॉन' और 'फैन' में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*



# 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुई शुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने 'अद्भुत टैलेंट' में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

## साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

# आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

***कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते*** : अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।


**नायक** : साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

**चिरुथा** : फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

**मगधीरा** : साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

**ऑरेंज** : साल 2010 में आई ऑरेंज में

### टॉप हिट फिल्में....



राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

**येवाडू** : अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

**गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2)** : फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीजों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**ब्रूस ली- द फाइटर**: राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

### ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

### रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।

## खबर संक्षेप



### कीट नाशक खाने से महिला की मौत

**जशपुरनगर।** जहर सेवन करने से चिड़रापारा की महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। सूत्रों की माने तो महिला शराब सेवन की आदि थी। बताया जा रहा है,कि पिछले तीन दिनों से खाना नहीं खाई थी। महिला के शव को पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रचार प्रसार से पहले लेना होगा विज्ञापन सर्टिफिकेट

**सारंगढ़।** अभ्यर्थियों को प्रचार प्रसार से पहले विज्ञापन का सर्टिफिकेट संबंधित जांजगीर चांपा अथवा रायगढ़ जिला मुख्यालय पर गठित जिला स्तर की मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से लेना होगा। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, टाकीज, रेडियो निजी एफएम रेडियो सहित, ई.समाचार पत्र, बल्क एसएमएमएवॉइस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी में क्रमशः राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को अनुमति लेना आवश्यक है। यदि वे अनुमति नहीं लेंगे तो यह निर्वाचन नियमों का उल्लंघन है।

### सड़क निर्माण में बाधा डाल कर्मचारियों से गाली-गलौज

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना में श्रीजी इन्फ्रास्ट्रचर के डिप्टी मैनेजर राजीव शर्मा पिता राजबहोरन शर्मा उम्र 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सड़क निर्माण कंपनी श्री जी इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के द्वारा खरसिया से पत्थलगांव तक 91 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्राम बायसी में निर्माण कार्य में लगे कंपनी के डम्परों को आए दिन सुरजीत सरकार एवं उसके साथियों के द्वारा रोककर खड़ा करवा दिया जाता है एवं ड्राइवर के साथ गाली गलौज किया जाता है। जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इसी कड़ी में 21 अप्रैल की सुबह 8.30 बजे सुरजीत सरकार के द्वारा फोन कर डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव शर्मा व साइड इंजीनियर अविनाश पटले को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई।

### सूने मकान से टीवी और नकदी की चोरी

**रायगढ़।** पड़ोसी के सुने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर एसईडी टीवी व नगद रकम पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उक्त मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार विद्युत विभाग में लाईनमैन परिचारक के पद पर कार्य करने वाला राजकुमार इंदिरा नगर में किराए का मकान लेकर रह रहा है। गत 15 व 16 तारीख को वह परिवार सहित कहीं बाहर गया हुआ था। इसी दौरान उसका पड़ोसी राजेश निराला भी बाहर गया था। राजकुमार जब वापस लौटा तो देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। घर में चोरी होने की आशंका से तब वह भीतर गया तो कमरे में लगा एलईडी टीवी व आलमारी से दस हजार रूपए नगद किसी ने पार कर दिया थाए वहीं घर का अन्य सामान भी बिखरा हुआ था। आस पास देखने पर राजेश के घर का ताला भी टूटा हुआ था और उसके कमरे से भी एलईडी टीवी किसी ने पार कर दिया था।

### सीएचसी लैलूंगा में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां के सभा कक्ष में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण, गर्भवती पंजीयन, कुष्ठ मलेरिया महामारी जैसे उल्टी, दस्त से बचने के उपाय, मातृ मृत्यु शिशु मृत्यु दर पर रोक, एच आई वी जाँच, सिकलसेल जाँच, कैंसर ब्रेस्ट कैंसर, मुख कैंसर, सरवायकल कैंसर, रक्त चाप, शुगर जाँच के संबंध में जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु उपायों पर गहराई से समीक्षा कर निर्देश दिए।

जन धन की हानि से भयभीत हुए लोग, वन विभाग की निगरानी जारी

# रायगढ़ और धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की चहलकदमी से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले के कुदमुरा गांव के जंगल में विचरण करने वाले हाथियों के एक दल का ड्रोन कैमरे का वीडियो भी सामने आया है जिसमें हाथी का दल जंगल में विचरण करते हुए दिखाई दे रहा है।

वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार ड्रोन कैमरे के जरिये जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों पर नजर रखते हुए हाथियों की तरफ जाने पर पूरे गांव में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सावधानी बरतने की बात कही जाती है। साथ ही साथ किसी भी हाल में जंगल की तरफ नहीं जाने की सलाह भी दी जाती है ताकि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो। एक जानकारी के मुताबिक इन दिनों रायगढ़ जिले के जंगलों में 138 हाथी रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहा है।



इस दल में 34 नर हाथी, 64 मादा, 40 बच्चे शामिल है। हाथियों के इस दल में बोरो के खम्हार बीट में सर्वाधिक 32 हाथी, छाल के हाटी बीट में 2 हाथी, धरमजयगढ़ के पोटिया बीट में 12 हाथी, धरमजयगढ़ के कोयलार बीट में 10 हाथी, कापू के कुमरता पूर्व बीट में 11 हाथी के अलावा धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के अलग-अलग बीट में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा के कटंगडीह बीट में सर्वाधिक 13 हाथी है, नवापारा में 8, कांटाझरिया में 4, कमतरा में 3 के अलावा कसडोल एवं तमनार के केराखोल पूर्व में एक-एक हाथी हैं विचरण कर रहे हैं।

**11 किसानों की फसल को नुकसान**

वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग बीट में हाथियों ने रविवार की रात 11 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें पुटुकछार में हाथियों ने 4 किसानों की धान की फसल को नुकसानए हाटी में 4 किसानों की धान एवं मूंगफली की फसल को नुकसान, बायसी, खम्हार में एक-एक किसान की धान की फसल को नुकसान के अलावा छाल के भलमुडी में धान एवं मूंगफली की फसल को नुकसान पहुंचाया गया है।

# आंबा कार्यकर्ताओं की रायगढ़ विधायक व मंत्री से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुसौर

पुसौर जनपद क्षेत्र में कुल 131 मिनी और सामान्य आंगनबाडी केन्द्र है जो 11 सेक्टर में बटा होकर वहां के 11 सुपरवाईजर के जरिए संबंधित आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन के साथ कल्याणकारी योजना यथा गर्भवती महिला एवं शिशुवती महिला, कुपोषण आदि को लेकर होता रहा है।



आं ग न बा ड़ी कार्यकर्ताओं और इससे जुडे महिला समूहों का शिकायत सुपरवाईजरों के विरूद्ध यह पहला नहीं है बल्कि यह शिकायत और कार्रवाई पिछले कई सालों से चल रहा है जो ज्यादा होने पर जीन की तरह बाहर आती है और वह शासन प्रशासन स्तर में पहुंचती है। आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का वेतन 5 से 10 हजार और महिला समूहों को खर्चा काटकर मासिक 10 से 15 हजार मेहनताना मिलने के बावजुद भी सुपरवाईजर एवं आफिस के लोगों से हां से हां मिलाकर चलते है जिससे कि य छोटी आय बची रहे और भरण पोषण चलता रहे। शासन के व्यवस्था में किसी भी देयक का भुगतान प्रति माह नियमित रूप से नहीं होता जो महिनों लंबित होने से संबंधित राशि एक जाई निकलता है जिसमें आंगनबाडी विभाग के लोगों की गिद्ध दृष्टि पडती है और उसमें आफिस खर्चा के नाम से एक कमीशन तय हो जाती है। जानकारी के मुताबिक 8 माह का गरम भोजन की राशि, पोषण चौपाल मिटींग की राशि, मोबाईल रिचार्ज की राशि, पोषण टेकर एन्ट्री तथा महतारी वंदना में काम किए हुये आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं महिला समूहो की राशि स्वीकृत हुआ है ।

- अभद्रता और अवैध वसूली करने की शिकायत

**शिकायत मिली है**

पुसौर क्षेत्र के डुमरमुडा सेक्टर का शिकायत मिली है जिसकी जांच चल रही है।

-श्री कश्यप
जिला कार्यक्रम अधिकारी

### पीएचई के आपरेटर की दिनदहाड़े बाइक पार

**रायगढ़।** शहर के इतवारी बाजार में सब्जी खरीदने गए पीएचई के डाटा एंट्री आपरेटर की बाईक को दिन दहाड़े किसी ने पार कर दिया। उक्त चोरी की वारदात कोतवाली क्षेत्र की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी पतासाजी प्रारंभ कर दी है। जिले में लगातार बाईक चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। चोरों के हौंसले इतने बुलंद है कि शहरी क्षेत्र में भी दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले इलाके से मोटरसायकिल उड़ा ले जा रहे हैं। साप्ताहिक इतवारी बाजार से भी रविवार को एक बाईक पार हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरनगर के विनोबा नगर के रहने वाला पीएचई विभाग में डाटा एंन्ट्री आपरेटर के पद पर कार्यरत चन्द्र प्रकाश कैवर्त अपनी होण्डा लिनो क्रमांक सीजी 14 एमएम 6647 बाईक से रविवार को सब्जी खरीदने इतवारी बाजार गया था। विद्युत विभाग के कार्यालय के सामने गली में बाईक खड़ी कर वह ईतवारी बाजार में गया था और जब वापस आया तो वहां उसकी मोटरसायकिल नहीं थी। आसपास तलाश करने के बाद भी जब कहीं पता नहीं चला तो उसने कोतवाली में तदाशय की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने चन्द्र प्रकाश कैवर्त की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूद्ध भादवि की धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर उसकी पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

# कुनकुरी एसडीएम ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक

**जशपुरनगर।** कुनकुरी एसडीएम नंद जी पांडे ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में फरसाबहार एसडीएम तथा समस्त तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में आगामी लोकसभा निर्वाचन के तैयारी के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने दीवार लेखन संबंधी कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वेब कास्टिंग, मतदान केंद्र में सभी मूलभूत व्यवस्थाएं, दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर, पिंक बूथ, गर्मी के मौसम को देखते हुए छाया, बिजली पानी पंखा आदि की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में मतदान के लिए मतदान पर्ची के साथ वोटर आईडी सहित निर्वाचन आयोग के द्वारा



मानक अन्य दस्तावेज की जानकारी दी गई। मतदान हेतु एपिक कार्ड अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य दस्तावेज लाना आवश्यक होगा। इन मान्य दस्तावेजो में आधार कार्ड, पैन कार्ड, यूनिक डिसेबिलिटी आईडी यानि यूडीआईडी आईडी, सर्विस आईडी कार्ड, पोस्ट ऑफिस और बैंक द्वारा जारी किया गया पासबुक, लेबर मिनिस्ट्री द्वारा जारी किया गया हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन कार्ड, पासपोर्ट, मनरेगा जॉब कार्ड, केंद्र व राज्य व सार्वजनिक उपक्रम व सार्वजनिक निकायों व पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, कार्यालयीन पहचान पत्र जो एमपी व एमएलए व एमएलसी को जारी हो एवं वोट डालने के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य है।

### स्ट्रांग रूम और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**सारंगढ़।** रायगढ़ लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ. अंशज सिंह सारंगढ़ के दौरे पर रहे। प्रेक्षक श्री सिंह ने टिमरलगा के स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी का निरीक्षण किया। इसके साथ ही टिमरलगा, गुड़ेली, बंजारी और सुवाताल मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री सिंह ने मतदान केन्द्र के बीएलओ को प्रश्न किए कि गांव में कितना बूथ है। मतदाता पर्ची बांटे हो या नही। गांव में कितने वोटर हैं। नये वोटर कितने जुड़े हैं। शादी या अन्य किसी कारण से शिफ्ट होने वाले कितने वोटर हैं। मतदान केन्द्र में पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की सुविधा है या नहीं। मतदान केन्द्र आकर वोट देने के लिए कितने दिव्यांग ने सहमति पत्र दिया है। सेक्टर आफिसर ने कितने बार मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया है और क्या क्या बिन्दु पर चर्चा, समाधान हुआ है। पिछले चुनाव में कितने मतदाताओं ने वोट दिए हैं।



**आंख लगने के कारण पलटी कार, चार घायल**

# शादी कार्यक्रम से लौट रहे फोटोग्राफर की हादसे में मौत

**रायगढ़।** शादी कार्यक्रम में फोटोग्राफी कर लौट रहे पतरापाली निवासी एक फोटोग्राफर की मौत सड़क हादसे में हो गई। यह दुर्घटना चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगुरसिया स्कूल के पास घटित हुई। बताया जा रहा है कि यह हादसा कार चलाते हुए झपकी आने की वजह से हुई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरापाली निवासी बंशी पटेल किरोड़ीमलनगर में बंशी फोटो स्टूडियो के नाम से स्टूडियो का संचालन करता था। बीते दिनों वह एक शादी कार्यक्रम में फोटोग्राफी करने लिए अपने 3 स्टाफ के साथ गया था। वे सभी शादी कार्यक्रम से अपनी कार क्रमांक सीजी 13 वाई 7364 से वापस आ रहे थी। उनकी कार बंगुरसिया स्कूल के पास पहुंची ही कि बंसी को अचानक झपकी आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए सड़क किनारे उतर गई। इस हादसे की जानकारी वहां गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने चक्रधर नगर पुलिस व एंबुलेंस को दी। जिसके बाद एंबुलेंस व पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। वहीं शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।



### ट्रैक्टर की टक्कर से दो घायल

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एसकेएस प्लांट के समीप बाइक सवार तीन युवकों को एक ट्रैक्टर चालक ने ठोकर मार दी। जिससे दो युवक घायल हो गए। इस संबंध में सुरेश सिदार पिता गणेश राम सिदार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह ग्राम बिंजकोट का निवासी है और एसकेएस कंपनी में चालक का काम करता है। बीते 21 अप्रैल की रात करीब 9 बजे 21 अप्रैल की रात 09 बजे उसके बडे भाई की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एन 0839 को दीपक सिदार, अक्ती राम एवं विष्णु प्रसाद को साथ लेकर ग्राम चपले अस्पताल ईलाज कराने लेकर जा रहा था। मोटरसाइकिल को दीपक सिदार चलाकर रहा था और अक्ती राम, विष्णु प्रसाद पीछे बैठे थे। एसकेएस कंपनी मोड के पास ग्राम दर्रामुडा तरफ से आ रही एक लाल रंग की ट्रेक्टर के चालक उदय राठिया निवासी बिंजकोट ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते उन्हें ठोकर मार दिया।

**एनटीपीसी तलाईपाली की घटना, थाने में की लिखित शिकायत**

# मैकेनिकल इंचार्ज ने पोकलेन ऑपरेटर से की मारपीट

**रायगढ़।** एनटीपीसी तलाईपाली में मैकेनिकल इंचार्ज ने पोकलेन ऑपरेटर के साथ मामूली बात पर गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। अन्य मजदूरों ने बीच बचाव किया तब मामला शांत हुआ, हालांकि इस मारपीट में पोकलेन ऑपरेटर के सिर में गंभीर चोट भी लगी। वहीं घायल मजदूर ने घरघोड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। हालांकि अब तक पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध नहीं किया है।

इस संबंध में घरघोड़ा थाने में लिखित शिकायत देते हुए पोकलेन ऑपरेटर विकास शर्मा पिता परशुराम शर्मा उम्र 30 ने बताया कि 22 अप्रैल की दोपहर करीब 2.30 बजे वह अपना काम खत्म कर रहा था, इसी बीच पोकलेन मशीन का पाइप फट गया। इसकी सूचना उसने एचआर को देनी चाही, किंतु इसी बीच मैकेनिकल प्रभारी कृपासिंधु को इस बात की सूचना मिल गई और उसके पास पहुंचा। उसके पास आते ही इस बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब विकास ने उसका विरोध किया तो कृपासिंधु ने लोहा फेंक कर मारा।



**थाने का मजदूरों ने किया घेराव**

इस मारपीट के बाद घायल विकास शर्मा सहित 50 से अधिक मजदूर थाने पहुंचे और थाने का घेराव करते हुए दोनों आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। बहरहाल घायल की शिकायत पर समाचार लिखे जाने तक आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध नहीं किया गया है।

# किसी भी देश के विकास में शोध महत्वपूर्ण: डॉ.रक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

शासकीय एनईएस महाविद्यालय में शोध लेखनः परियोजना एंड लघु शोध विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन समाज विज्ञान संकाय द्वारा आईक्यूएसी के सहयोग से किया गया, महाविद्यालय के प्राचार्य ने शोध परियोजना और डिसर्टेशन के विषय पर महत्वपूर्ण विचारों का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने यह बताया कि एक अच्छा और सफल शोध प्रोजेक्ट या डिसर्टेशन चुनने के लिए, स्टूडेंट्स को उनके रुझानों और रुचियों को महत्वाकांक्षी रूप से ध्यान में रखना चाहिए। साथ ही, स्टूडेंट्स को विभिन्न शोध प्रोजेक्ट और डिसर्टेशन के संदर्भ में मेथोडोलॉजी, साक्षरता, संग्रहण और विश्लेषण के लिए उपयुक्त संसाधनों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्टूडेंट्स को अच्छे गाइडेंस और सहायक संस्थाओं के प्रस्ताव प्रक्रिया का महत्व बताया। सेमिनार के संयोजक डॉ.अनिल कुमार श्रीवास्तव प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए शोध परियोजना और डिजर्टेशन का महत्व बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को साहित्यिक अध्ययन और शोध कौशलों की जरूरत के बारे में जागरूक किया। उन्होंने यह भी बताया कि शोध परियोजना और डिसर्टेशन छात्रों को नए विचारों का संचार करने और उनकी रचनात्मकता को विकसित करने का माध्यम प्रदान करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने उन छात्रों को प्रेरित किया जिन्हें उच्च शिक्षा में अध्ययन जारी रखना है, ताकि वे नए विचारों को अन्वेषित कर सकें और अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की संयोजक डॉ. उमा लकड़ा ने सेमिनार के दौरान कहा कि यह प्रोजेक्ट और डिसर्टेशन विषय आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के उच्च स्तरीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इसे छात्रों के विचार के साथ एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया माना और उन्हें इसमें सक्षम बनाने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने यह भी उजागर किया कि विषय का चयन एवं अनुसंधान प्रक्रिया में समय की महत्वपूर्णता को समझना आवश्यक है।





उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करती डा.रक्षित।

# 2 की नाम वापसी,13 अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित

**रायगढ़।** सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर कार्तिकेया गोयल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत रायगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 02 के लिए नामांकन वापसी के अंतिम दिन निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रक्रिया अनुसार अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया।

इसके साथ ही निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों के नाम की अंतिम सूची जारी की गई। जिसके तहत कुल 15 अभ्यर्थियों में 2 अभ्यर्थी महेन्द्र कुमार सिदार निर्दलीय एवं भवानी सिंह सिदार निर्दलीय ने अपना नाम वापस ले लिया।

**दिया गया प्रतीक चिन्ह**

इनोसेंट कुजूर बिडना उरांव बहुजन समाज पार्टी को हाथी, डॉ मेनका देवी सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस को हाथ, राधेश्याम राठिया भारतीय जनता पार्टी को कमल का प्रतीक चिन्ह आवंटन हुआ है। इसी तरह अलबर्ट मिंज हमर राज पार्टी को बाल्टी, गुलेश्वर पैंकरा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी को बांसुरी, बादल एक्का सर्व आदि दल को तुरहा बजाता आदमी, मदन प्रसाद गोंड गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी को आरी, अभय कुमार एक्का निर्दलीय को सिलाई की मशीन, उदय कुमार राठिया निर्दलीय को अरकडीस्नर, गोवर्धन राठिया.निर्दलीय को कांच का गिलास, पूजा सिदार निर्दलीय को चारपाई, प्रकाश कुमार उरांव.निर्दलीय को ऑटो रिक्शा एवं रूपनारायण एक्का निर्दलीय को अलमारी का प्रतीक चिन्ह का आवंटन हुआ है।

## पेज 1 का शेष

### स्वरित बना इंडिया ...

स्वरित उपाध्याय अपने माता-पिता, दिगम्बर उपाध्याय और अनुपमा उपाध्याय, तथा संपूर्ण उपाध्याय परिवार के लिए के लिए गर्व का स्रोत हैं। उनका अतृप्त उत्साह और वन्यजीव, जैव विविधता, सांस्कृतिक, और विज्ञान जैसे विषयों में रुचि उन्हें सामान्य ज्ञान और क्विजिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाने की दिशा में उन्हें प्रेरित करती है। नए विषयों के बारे में जानने की अदम्य इच्छा रखने वाले श्रीथ का लक्ष्य भविष्य में हृदय रोग विशेषज्ञ बनना है। रिवरस्टोन इंटरनेशनल स्कूल के निर्देशक, रोशन पटेल, ने स्वरित की अद्वितीय प्रतिभा की प्रशंसा की, उन्हें स्कूल के इतिहास में सबसे सफल छात्र बताया। पटेल ने स्वरित की जिज्ञासा और सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचने के प्रति अटूट संकल्प को उनकी उपलब्धियों के पीछे की शक्तियां बताई। अपने स्कूल, शिक्षकों, मेंटरों, और परिवार का आभार व्यक्त करते हुए, स्वरित ने भविष्य में अंतरराष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिताओं को जीतने और प्रसिद्ध टीवी शो ३कौन बनेगा करोड़पति३ में विजेता बनने की अपनी इच्छा को साझा किया। स्वरित की असाधारण यात्रा उत्साहित करने वाले क्विज उत्साहियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जिसमें उत्कृष्टता की प्राप्ति के लिए सहनशीलता और प्रेम का महत्व उजागर किया गया है। जबकि वह और अधिक ऊँचाइयों की ओर अपनी नजरें स्थिर करता है, पूरा समुदाय उसके पीछे खड़ा है, सुंदरगढ़ के सबसे उज्ज्वल तारे की जारी उत्थान का उत्सुकता से इंतजार कर रहा है। उनकी यात्रा एक प्रेरणा के रूप में साबित हो रही है। उन्होंने दिखाया है कि सपनों को पाने के लिए केवल मेहनत और उत्साह ही काफी नहीं होता है, बल्कि उन्हें पाने के लिए विश्वास और साहस की भी जरूरत होती है। उनकी यात्रा दिखाती है कि कठिनाइयों के बावजूद सपनों को पूरा करने की क्षमता हर किसी में होती है, सिर्फ वही नहीं जो भाग्यशाली होते हैं, बल्कि जो प्रतिभा और संकल्प से सजग होते हैं। स्वरित उपाध्याय की यह उपलब्धि सुंदरगढ़ की शानदार प्रतिष्ठा को और ऊंचाईयों तक पहुंचाएगी। उनका नाम एक मिसाल होगा, जो उत्कृष्टता और साहस की कहानी को साझा करेगा। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं इस सफलता के लिए।

### बगीचा की बैठक ...

उपलब्ध कराया जा रहा है। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अमर अग्रवाल ने विधायक गोमती साय,रायमुनि भगत और प्रियवंदा सिंह से भी चर्चा की। इन्होनें,कलस्टर प्रभारी को आश्वस्त किया कि जशपुर जिले की तीनो विधानसभा सीटो से पार्टी को ऐतेहासिक बढत दिला कर,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हाथ मजबूत करेगें।उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से क्लस्टर के प्रभारी अमर अग्रवाल, सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय, पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज, लोकसभा संयोजक श्रीमती गोमती साय, सह संयोजक विजय अग्रवाल, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, पूर्व विधायक रोहित साय, भरत साय, शिवशंकर साय, जिला प्रभारी रामकिशुन सिंह, सह प्रभारी भरत सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री द्वय भरत सिंह, मुकेश शर्मा, विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल, हरपाल सिंह भाभरा, राजकुमार अग्रवाल, जशपुर विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियम्वदा सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, शंकर गुप्ता, उपेंद्र यादव, सुरेश राम भगत, राजकपूर भगत, शरद चौरसिया, सुभाष अग्रवाल,ममता कश्यप, उमा देवी, रीना बरला, गेंदबिहारी सिंह, वरुण जैन, केशव यादव, असलम आज़ाद, मुनेश्वर सिंह केसर, संतोष सिंह, संजीव ओझा, अमन शर्मा, सलोने मिश्रा, हरीश आरिक, पवन सिंह, राजकिशोर उपस्थित थे।

